दिनांक–12.06.2024 समय–7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- अब साल में दो बार छात्रों को मिलेगा कालेजों में प्रवेश, यूजीसी ने अगले शैक्षणिक सत्र से लागू करने का किया एलान।
- प्रदेश में गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है यह साल, गौवंश से जुड़ी 26 प्रमुख तिथियों पर होंगे कार्यक्रम।
- प्रदेश में प्री–मानसून गतिविधियाँ हुई शुरू, हफ्ते भर में आ सकता है मानसून।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला अमरीका से होगा।

**यूजीसी एडमिशन**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी तथा जुलाई और अगस्त में खुले रहेंगे। वर्तमान में, एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि यह फैसला उन छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगा जो विभिन्न कारणों से प्रवेश से चूक जाते हैं।

**गौवंश रक्षा वर्ष–प्रदेश**

प्रदेश में यह साल गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत गुड़ी पड़वा 9 अप्रैल से अगले साल 29 मार्च तक गौवंश रक्षा वर्ष मनाया जायेगा और गौवंश से जुड़ी 26 प्रमुख तिथियों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौवंश और गौरक्षा से संबंधित 8 प्रमुख घोषणाएं भी की गईं हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश में संचालित गौशालाओं को श्रेष्ठ संचालन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएंगे। सड़कों पर दुर्घटनाग्रस्त होने वाली गायों को आसानी से इलाज के लिए ले जाया जा सके, इस उद्देश्य से हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग व्हीकल का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध किया जाएगा। गौ–शालाओं को प्रति गाय 20 रूपए के स्थान पर 40 रूपए की राशि देय होगी। चारा या भूसा काटने के लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरण पर अनुदान की व्यवस्था की जाएगी। अधूरी गौ–शालाओं का निर्माण पूर्ण किया जाएगा और नई गौशालाएं भी आरंभ की जाएंगी तथा प्रदेश में गौ–वंश विहार विकसित किए जाएंगे।

**पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा–प्रदेश**

प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने पर मरीज को विशेषग्य चिकित्सा केंद्र तक पहुँचाने के लिए पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गयी है। इस सेवा के तहत सड़क, औद्योगिक दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा में पीडित को निशुल्क ले जाया जाएगा। आयुष्मान कार्ड धारकों को भी यह सुविधा निशुल्क मिलेगी। एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन के लिए 01 'हेली एम्बुलेंस' एवं 01 'फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस' का शुभारंभ किया गया है, जो कि प्रदेश के सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम हमेशा तैनात रहेगी।

**सेना प्रमुख**

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह इस महीने की 30 तारीख को कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 30 जून को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। रीवा स्थित सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ प्रशस्ति कार्ड से अलंकृत हैं।

**तीन नए आपराधिक कानून**

देश के साथ साथ प्रदेश में भी एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। इन कानूनों के बारे में बताते हुए मप्र पुलिस में डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि इन बदलावों से न्याय व्यवस्था को मजबूती और आम लोगों को राहत मिलेगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान–प्रदेश

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं। 5 जून से प्रदेश में प्रारंभ इस अभियान के अंतर्गत मंडला जिले में जिले की आबादी के बराबर 11 लाख से ज्यादा पौधे रोपने की पहल की गई है। मनरेगा के अंतर्गत जो 5 हजार कार्य चल रहे हैं, उनमें लगभग एक हजार ऐसे कार्य चिन्हित किए गए हैं जो जल संरक्षण से जुड़े हैं। जबलपुर में तालाबों के पास पूजन सामग्री आदि के विसर्जन के लिए अलग स्थान बनाया गया है। सागर में दो एकड़ क्षेत्र में सरोवर के लिए एक व्यक्ति ने अपनी जमीन प्रदान की है। बुरहानपुर जिले में कुओं पर बोर्ड लगाए गए हैं। इन पर लिखा है "मुझे संभालो मैं आपको संभाल लूंगा।" करीब 5 हजार मकानों की छत पर वर्षाकाल में एकत्र होने वाले जल को जमीन में उतारने का प्रस्ताव है। ऐसे घरों पर जल मंदिर का लोगो लगाया जाएगा।

## गेहूँ खरीदी–प्रदेश

प्रदेश के सभी जिलों में बनाये गये विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में अभी तक 48 लाख 39 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूँ की खरीदी हो चुकी है। गेहूँ की खरीदी 6 लाख 16 हजार से अधिक किसानों से की गयी है। किसानों को करीब 11 हजार 427 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि वर्तमान में कृषि उपज मंडी स्तर पर स्थापित 311 गेहूँ उपार्जन केन्द्रों में 25 जून तक गेहूँ की खरीदी जारी है।

## मौसम

केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना समेत देश के कई राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। मध्यप्रदेश में यह 17–18 जून तक प्रवेश कर सकता है। इससे पहले प्रदेश में प्री–मानसून गतिविधियां शुरू हो गयी है। धार सहित कई इलाकों में कल गरज–चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से प्री–मानसून एक्टिविटी है। इसके चलते प्रदेश में दो तरह का मौसम है। कहीं आंधी–बारिश हो रही है तो कहीं गर्मी का असर है।

## टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला अमरीका से होगा। दोनों टीमें अपने पिछले दो मुकाबलों में अजेय रहकर मैच में उतर रही हैं। भारतीय टीम ने आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की, जबकि अमेरिका ने अपने पिछले दो मुकाबलों में कनाडा और पाकिस्तान पर जीत हासिल की। भारत ग्रुप में बेहतर रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि अमेरिका दूसरे स्थान पर है। आज ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला नामीबिया से और श्रीलंका का सामना नेपाल से होगा। इससे पहले, कल पाकिस्तान ने कनाडा को 7 विकेट से हराया।

## समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। डॉ. राजेश राजौरा को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव और संजय कुमार शुक्ला को मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव बनाया गया है।
- लोकसभा चुनाव में गुना–शिवपुरी सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की राज्यसभा सीट रिक्त घोषित हो गई है। सिंधिया 9 अप्रैल 2020 को राज्यसभा के लिए चुने गए थे। उनका कार्यकाल अगस्त 2026 तक था। इसलिए इस सीट के लिए अब उपचुनाव होगा।
- आगरमालवा में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रेकर ऐप पर की जाने वाली एंट्रीज का प्रशिक्षण दिया गया।
- खंडवा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज निगम सभागृह में स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। कल चित्रकला स्पर्धा का आयोजन हुआ था।
- शिवपुरी में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आज 11 बजे से अपराह्न 3 बजे न्यायालय के सामने स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- रायसेन में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों, शासकीय अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार की सुविधाओं की समीक्षा की।
- बैतूल जिले में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन सुमीत सिंह आज मुलताई दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जनपद पंचायत मुलताई के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुनेंगे।

- राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जिले के विभिन्न पेयजल संकट ग्रस्त गांव का भ्रमण कर वहां की समस्याओं को जाना।
- शाजापुर जिला मुख्यालय पर कल आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ॠजु बाफना ने जिले वासियों की समस्या सुनी।
- नीमच में कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकाय, स्थानीय निकाय पंचायतें एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक जल स्त्रोंतों, तालाबों, कुओं, बावडियों, नदी, नालों से अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर हटवाए।

———————————————————